टीकमगढ़

नवभारत

भोपाल, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025



## शिक्षा के अधिकार के तहत होगा नवीनीकरण

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रदेश में शिक्षण-सत्र 2025-26 में अशासकीय विद्यालयों में मान्यता नवीनीकरण की तिथि में वृद्धि की गयी है। राज्य शिक्षा केन्द्र ने जानकारी दी है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत कक्षा-1 से 8 तक के समस्त अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है। कुछ अशासकीय विद्यालयों ने सत्र 2025-26 के लिये मान्यता नवीनीकरण आवेदन नहीं किया है।**

अशासकीय स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मान्यता नवीनीकरण के लिये विशेष विलंब शुल्क 10 हजार रुपये के साथ आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। निर्धारित प्रक्रिया से मान्यता नवीनीकरण आवेदन करने के लिये पोर्टल 29 सितम्बर, 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। इसकी अंतिम तिथि 10 अक्टूबर निर्धारित की गयी है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल और जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के तहत कक्षा-1 से 8 तक के समस्त अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है।

# खाद के लिए धूप में खड़े किसानों को देख नाराज हुए कलेक्टर

**कलेक्टर ने अधीनस्थों को छाया के इंतजाम के दिए निर्देश**

**रैक प्वाइंट, टोकन वितरण केंद्र, कृषि उपज मंडी का लिया जायजा**





**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। अधिक वर्षा होने के कारण इस वर्ष रबी सीजन की फसलों की वोबनी विलंब से होना तय माना जा रहा है। दीपावली के पर्व के आसपास वोबनी होने का अनुमान किसान लगा रहे हैं। किसानों को सुलभता से वोबनी के लिए खाद उपलब्ध हो इसके लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले में उसका पर्याप्त भंडारण करा लिया है। कलेक्टर का प्रयास है कि किसानों को उनके क्षेत्र की नजदीकी सहकारी संस्थाओं पर बगैर तकलीफ के खाद मुहैया कराया जाए। मसूरी से टीकमगढ़ पहुंचने के बाद शुक्रवार को कलेक्टर श्री श्रोत्रिय ने कलेक्ट्रेट के संयुक्त कार्यालय में अधिकारियों के साथ खाद वितरण व्यवस्था को लेकर बैठक ली। इसके बाद वह अपने दल बल के साथ रवाना हुए और उन्होंने खाद को लेकर रैक प्वाइंट, टोकन वितरण केन्द्र एवं कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया। टोकन केन्द्र पर धूप में बैठे किसानों को देखकर कलेक्टर नाराज दिखाई दिए। उन्होंने तत्काल अधीनस्थों को छाया करवाने के लिए निर्देशित किया।**

दरअसल जिले में किसानों को रबी फसल के वोबनी के लिए खाद से संबंधित कोई भी समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रित निरंतर प्रयास कर रहे हैं। जिसके चलते कलेक्टर श्री श्रोत्रिय शुक्रवार की सुबह 11.38 पर रेल्वे स्टेशन स्थित रैक प्वाइंट पहुंचे जहां उन्होंने रैक प्वाइंट के अधिकारियों से बातचीत की। उन्होंने बताया कि यूरिया खाद की रैक आई है जिसको लेकर निरीक्षण किया गया है। यहां कुछ देर रूकने के बाद कलेक्टर श्री श्रोत्रिय 11.50 पर बड़ोरा घाट स्थित टोकन केन्द्र पर पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों को धूप मुं बैठा देख तत्काल ही वहां के अधीनस्थों को टोकन केन्द्र पर छाया के इंतजाम कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने पानी की व्यवस्था बनाने के लिए नगर पालिका को तत्काल टेंकर भिजवाने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद 12 बजकर 18 मिनिट पर कलेक्टर श्री श्रोत्रिय अपने अमले के साथ शहर के ढोंगा स्थित कृषि उपज मंडी केन्द्र पहुंचे। कलेक्टर ने यहां पहुंचकर कृषि उपजमंडी के सचिव सहित अन्य कर्मचारियों से चर्चा कर वहां की व्यवस्थाओं को अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस वर्ष रबी सीजन की फसलों की वोबनी विलंब से होना तय माना जा रहा है। दीपावली के पर्व के आसपास वोबनी होने का अनुमान किसान लगा रहे हैं। किसानों को सुलभता से वोबनी के लिए खाद उपलब्ध हो इसके लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जिले में उसका पर्याप्त भंडारण करा लिया है। इसीक्रम में रेलवे स्टेशन के रैक प्वाइंट पर बीते रोज यूरिया खाद की रैक आने के बाद कलेक्टर वहां पहुंचे जहां उन्होंने रैक प्वाइंट के अधिकारियों से वार्तालाप करने के बाद वह अधिकारियों के साथ बड़ोराघाट सहित कृषि उपज मंडी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

**बगैर तकलीफ के सुलभता से मिले खाद...कलेक्टर**

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नवभारत से चर्चा के दौरान बताया कि हमारा प्रयास है कि किसानों को बगैर तकलीफ के सुलभता से डीएपी एवं यूरिया खाद उपलब्ध हो। उन्होंने बताया कि किसान सोसाइटियों के सदस्य बनकर अपने नजदीकी सहकारी समितियों से खाद ले सकते हैं। इसके लिए जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए गए हैं कि वह किसानों को सदस्य बनाकर उन्हें सहजता से खाद मुहैया कराएं उन्होंने कहा कि किसानों को खाद की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा।

## समिति ने असहाय को खुलवाई दुकान




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सिविल लाईन के पास एक गरीब और असहाय महिला के लिये एक नई उम्मीद का सबेरा हुआ। मानवीय संवेदना समिति ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से एक फल की दुकान खुलवाई। जिसका उद्घाटन समिति की महिला सदस्यों सुनीता खरे, सुधा अग्रवाल, याचना रावत, प्रीति गुप्ता द्वारा किया गया।**

इस अवसर पर समिति के सचिव मनीराम कठैल ने बताया कि महिला पहले घरों में बर्तन धोने का कार्य करती थी। जिससे उसे 4-5 हजार रूपये महीने मिलते थे। इस आय से उसका दो बच्चों के साथ घर चलाना मुश्किल था। उसकी मदद के लिये लोगों ने मानवीय संवेदना समिति के पास जाने की सलाह दी। उन्होंने महिला की बात सुनी और उसके मोहल्ले में जाकर सर्वे किया और पाया कि वह बाकई में जरूरतमंद है। जिसकी मदद करना हम सबकी जिम्मेदारी बनती है।

समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र योगी ने कहा कि उक्त जरूरतमंद महिला के दुकान खोलने पर लगभग 25 हजार रूपये का खर्च आया है। समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से एकत्रित कर सामग्री जुटाकर ठेला तैयार करवाकर और फल व सब्जी आदि खरीदकर महिला को दुकान खुलवा शुरू करवा दी। दुकान के शुभारंभ में अतिथि स्वतंत्र जैन, अवधेश नायक, अशोक रावत, समाजसेवी सुरेश मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## शासकीय अस्पताल में दिलाई स्वच्छता की शपथ



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मुख्यालय पर स्थित जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला द्वारा नवाचार करते हुए निर्णय लिया गया कि अस्पताल में अब प्रतिदिन चिन्हित स्थानों पर मरीजों एवं उनके परिजनों को शपथ दिलाई जाएगी, जिससे सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में अस्पताल में आने वाले लोग भी सहयोग करे।**

इस दौरान मरीजों से अपील की गई कि वह कचरा डस्टबिन में ही डाले, दीवारों एवं फर्श को गंदा न करें, गुटखा का सेवन न करें। अस्पताल एवं मरीज के आस-पास सफ ाई रखें। स्वास्थ्य वातावरण से ही मरीज स्वस्थ रहेगा। इस शपथ को अस्पताल में एनआरसी प्रांगड़ में मरीजों को एकत्रित करके किया गया, उसके बाद नवीन भवन की एसएनसीयू इकाई एवं मैटरनिटी में शपथ दिलाई गई। लोगों में जागरूकता बढ़ने और स्वच्छता का एक कदम उनके सहयोग से अस्पताल में सफ ाई व्यवस्था और बेहतर होगी। ऐसी अपील आरएमओ डॉ. डीएस भदौरिया, सहायक प्रबन्धक डॉ. अंकुर साहू, स्टूवर्ड हेमंत नायक, अंशुल मिश्रा, रागिनी पाठक, भारती सिंगरौली, अजय प्रजापति ओपीडी प्रभारी, सद्दाम खान सुपरवाइजर, सौरभ आदि कर्मचारियों द्वारा की गई। सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में अस्पताल में आने वाले लोग भी सहयोग करने की अपील की गई।

## नशा मुक्त सप्ताह का किया समापन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सामाजिक न्याय विभाग एवं जिला प्रशासन के प्रयासों के तहत 2 से 8 अक्टूबर तक चल रहे नशा मुक्त सप्ताह का समापन समारोह आईटीआई कॉलेज में बच्चों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी की 156वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह रहे।**

समारोह में नशे से बचाव और जागरूकता के लिए बच्चों द्वारा आयोजित चित्र प्रदर्शनी, सेमिनार, भाषण, निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताओं ने उत्साह और जागरूकता का माहौल बनाया। कार्यक्रम में लगभग 300 बच्चों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। बच्चों की भागीदारी और उनकी रचनात्मक प्रस्तुतियों ने इस कार्यक्रम को सफल और प्रभावशाली बनाया।

इस अवसर पर उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग श्री सौरभ तिवारी, टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल गुप्ता, सहायक संचालक शिक्षा, और आईटीआई प्राचार्य सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम महात्मा गांधी की 156वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह रहे।

## कफ सिरप के मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के विरोध में गुरुवार शाम जिला मुख्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। शहर के गांधी चौराहे पर कैंडल मार्च निकालकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की गई। यह प्रदर्शन शाम 6.30 बजे शुरू हुआ। कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गांधी चौराहे से एसबीआई चौराहा होते हुए वापस गांधी चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।**

जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने कहा कि बच्चों की मौत के लिए प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की। साहू ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने इस मामले में सख्त कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेसी कार्यकर्ता पूरे प्रदेश में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से मरने वाले बच्चों का आंकड़ा बढ़कर 25 हो गया है। बच्चों की मौत का कारण बने कोल्ड्रिफ कफ सिरप बनाने वाली कंपनी श्रीसन फार्मा के डायरेक्टर गोविंदन रंगनाथन को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री ने अब तक इस्तीफा नहीं दिया है। प्रदेश सरकार चुप्पी साधे है।

## जल विहार कार्यक्रम में लोक संगीत का आयोजन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जनपद क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरा में तीन दिवसीय जलबिहार महोत्सव के तृतीय दिवस बुधवार की रात शानदार बुंदेली लोक संगीत का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम के अवसर पर सुप्रसिद्ध आकाशवाणी लोकगीत गायक जय पटैरिया, मुन्ना लाल सैनी, रामकुमार प्रजापति, राजू कुशवाहा, रीना भारती द्वारा एक से एक बढ़कर लोकगीत की प्रस्तुति दी। देर रात तक बाहर से आए कलाकारों ने बाबा भोलेनाथ का नृत्य एवं कृष्ण-सुदामा का मंचन किया। जिसे देखकर लोगों ने सराहना की। उपस्थित श्रोताओं कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि संजीव पाठक, शरदकांत खरे, संतोष जैन, धनीराम राजपूत आदि ग्रामवासी शामिल रहे। कार्यक्रम में चन्द्रपुरा सहित खरगापुर क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

## मौसम में बदलाव के चलते तापमान में गिरावट



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले तीन दिनों से जिले के मौसम में बदलाव आया है। दिन और रात के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, तापमान में यह कमी मानसून की वापसी का संकेत है। हालांकि, खेतों में अभी भी बारिश का पानी जमा होने के कारण रबी फसलों की बुवाई शुरू नहीं हो पाई है। किसानों को बुवाई के लिए खेतों के सूखने का इंतजार है।**

भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। गुरुवार को अधिकतम तापमान घटकर 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.02 डिग्री सेल्सियस रहा। अगले दो दिनों में दिन का तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 18 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। किसान राजाराम पाल ने बताया कि अत्यधिक बारिश के कारण इस बार खेतों में पानी भरा हुआ है, जिससे पिछले साल की तुलना में रबी फसलों की बुवाई में देरी हो रही है। किसानों का अनुमान है कि यदि अगले एक सप्ताह तक बारिश नहीं होती है, तो दिपावली तक रबी फसलों की बुवाई का काम शुरू हो पाएगा। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने बताया कि एक सप्ताह बाद खाद की मांग बढ़ने की संभावना है। इसे देखते हुए जिले की सभी सरकारी समितियों में पर्याप्त खाद पहुंचा दिया गया है। इसके अतिरिक्त, निजी खाद विक्रेताओं के स्टॉक की भी लगातार जांच की जा रही है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे खाद की उपलब्धता की निरंतर निगरानी करें ताकि आने वाले दिनों में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## मिलन समारोह एकता और सामूहिक संकल्प दर्शाता है : लोधी

**पूर्व राज्यमंत्री हुए दशहरा मिलन समारोह में शामिल**

**क्षेत्रीय विकास और युवाओं के उत्थान पर दिया जोर**



**नवभारत, न्यूज खरगापुर। पूर्व राज्यमंत्री सिंह ने कहा कि यह मिलन समारोह खरगापुर विधानसभा एवं जिले की एकता और सामूहिक संकल्प को दर्शाता है। समाज के सभी वर्गों के शीर्ष नेतृत्व की यह उपस्थिति, हमें क्षेत्रीय विकास और युवाओं के उत्थान की दिशा में एकीकृत प्रयास करने के लिए प्रेरित करती है। इसके अलावा क्षेत्रीय विकास के विभिन्न आयामों पर सकारात्मक संवाद किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री राहुल सिंह लोधी ने कहा कि हम सभी को क्षेत्र के विकास के लिए एक जुट रहना चाहिए और कंधे से कंधे मिला करके काम करना चाहिए।**

उन्होंने कहा बुआजी ने बुंदेलखंड के लिए लगातार प्रयास किए हैं और बुंदेलखंड और टीकमगढ़ जिले के लिए विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी है बुआ जी का जो शराबबंदी का अभियान है वह हमारे जिले में तेजी पकड़ रहा है और इसकी शुरुआत हमारे खरगापुर विधानसभा से हुई है खरगापुर विधानसभा में ऐसे कई गांव हैं जिसमें शराब पूर्ण रूप से बंद हो चुकी है हम सभी को शिक्षा के क्षेत्र में और विधानसभा के विकास के लिए एक साथ मिलकर के आगे बढ़ाना है कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष उर्मिता राहुल सिंह भी मौजूद रही जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि दशहरे के इस मिलन समारोह में हम सभी को एक जुट और आपसी बुराइयों को भूलकर रहना चाहिए और सभी को मिलजुल कर क्षेत्र और विधानसभा के विकास के लिए एक जुटता दिखानी चाहिए, जिससे हमारे संपूर्ण जिले एवं खरगापुर विधानसभा का ज्यादा से ज्यादा विकास हो सके और उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर नशा ज्यादा मात्रा में हो रहा था धीरे-धीरे लोग जागरूक हो रहे हैं और ग्रामीण स्तरों में नशा मुक्ति अभियान चला करके नशा बंद कर रहे हैं । कार्यक्रम के दौरान खरगापुर मंडल अध्यक्ष अमित जैन बल्देवगढ़ मंडल अध्यक्ष नंदू चौरसिया, देरी मंडल अध्यक्ष बाबूलाल यादव, कुड़ीला मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र लोधी, पलेरा मंडल अध्यक्ष पवन संज्ञा, हरसेवक राजपूत, राममिलन लोधी, पप्पू सिंह, महिला मोर्चा से शिवकली राजपूत, पार्वती, ममता, रेखा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**उपवास** | **त्यौहार को लेकर कई दिनों से महिलाएं कर रही थीं तैयारियां**

# महिलाओं ने निर्जला रहकर रखा करवा चौथ का उपवास



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शुक्रवार को गणेश चतुर्थी के दिन करवाचौथ का त्योहार महिलाओं ने निर्जला रहकर दिनभर उपवास करते हुए बड़े ही शालीनता से मनाया। शाम ढलते ही जैसे ही आसमान में चांद दिखाई दिया तब महिलाओं ने अपने-अपने पतियों का छलनी से दीदार यानि चेहरा देखकर पूजा अर्चना में शामिल होते हुए जल ग्रहण कर उपवास का पारण किया।**

गौरतलब है कि करवाचौथ के त्योहार में पूजापाठ की बहुत ही अहम भूमिका होती है। महिलाओं ने इस त्योहार पर सारे दिन निर्जला व्रत रखकर शाम को समूह में शामिल होकर अपने पतियों की पूजा की। बताया जाता है कि करवाचौथ के त्योहार में पूजा की सामग्री तो लगती ही है इसके अलावा करवा और छन्नी का विशेष महत्व माना जाता है। करवाचौथ के पर्व को लेकर शुक्रवार को समूचें जिले की महिलाओं में अच्छा खासा उत्साह देखा गया। कई महिलाओं ने अपने हाथ से करवा और छन्नी को डेकोरेट किया। हिन्दू धर्म की मान्यता अनुसार पति की लंबी आयु अच्छी सेहत और उनकी सुरक्षा के लिए हर पत्नियां करवाचौथ का व्रत रखती है। इस व्रत की पूजा बेहद खास तरीके से होती है। शुक्रवार को करवाचौथ के पर्व पर महिलाओं ने छन्नी से चांद को देखने के बाद उसमें अपने पति परमेश्वर यानि पिया के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। ऐसे में पूजा में शामिल होने वाली छलनी को भी काफी खूबसूरत तरीके से सजाया गया था। इसके साथ ही कलश का भी इस्तेमाल किया गया। कई महिलाओं ने पूजा के दौरान उसमें उपयोग होने वाले अपनी छलनी एवं कलश को खुद से डेकोरेट करना ही उचित समझा। करवाचौथ के दिन हुई पूजा की थाली में छन्नी और करवा के अलावा स्वादिष्ठ पकवान, आकर्षक मिष्ठान, कलश सहित अन्य जरूरी सामग्री सजाई गई। जैसे ही करवाचौथ के पर्व पर आसमान में चांद का दीदार हुआ तो महिलाएं अतिउत्साहित दिखाई दी। महिलाओं ने इस त्योहार पर सारे दिन निर्जला व्रत रखकर शाम को समूह में शामिल होकर अपने पतियों की पूजा की।

**आकर्षक परिधान में दिखीं महिलाएं**

करवाचौथ का त्योहार सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। शुक्रवार को मनाये गए करवाचौथ के पर्व पर सुहागिन महिलाएं आकर्षक परिधान में दिखाई दी। महिलाओं ने पर्व को लेकर प्लीटेड लहंगा विद जैकेट, अनारकली सूट, लहंगा, घरचोला साड़ी सहित अन्य आकर्षक परिधान धारण किए। इसके उपरांत महिलाएं पूजा-अर्चना में शामिल हुई। इस त्योहार पर महिलाएं एवं उनके पति नवीन वस्त्र एवं आभूषण धारण कर इसे मनाते है।

## हितग्राही तीन दिन में कराएं ई- केवायसी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत नये पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न पर्ची जारी की जा रही हैं। इस संबंध में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि सभी पात्र हितग्राही 3 दिन की समय-सीमा में उचित मूल्य दुकान जाकर ई-केवायसी करा लें। सत्यापन समय-सीमा में नहीं कराने पर सूची से नाम पृथक करने की कार्रवाही की जायेगी।**

जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना में 13 हजार 121 हितग्राही पात्रता पर्ची के लिये एवं 12 हजार 320 हितग्राही सदस्य पर्ची में जुड़ने के लिये प्रतिक्षारत हैं। बताया कि जिले में माह सितम्बर 2025 में 3 हजार 635 पात्रता पर्ची जारी की गई। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत नये पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न पर्ची जारी की जा रही हैं। इस संबंध में सभी पात्र हितग्राही 3 दिन में उचित मूल्य दुकान जाकर ई-केवायसी करा लें।

## यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री की मनाई पुण्यतिथि



**नवभारत न्यूज पलेरा। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर हम सभी उनके बताए हुए सिद्धांतों और मूल्यों पर चलते हुए उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प ले रहे हैं। नेताजी ने जीवनभर किसानों, मजदूरों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों व सम्मान के लिए संघर्ष किया। हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन मूल्यों को आगे बढ़ाएं।**

उक्त उदगार समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव ने स्वर्गीय यादव की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए कही। श्री यादव ने संविधान की रक्षा पर ज़ोर देते हुए कहा कि संविधान हमारी संजीवनी है। समाजवादी लोगों ने हमेशा कहा है कि संविधान को बचाना हमारा कर्तव्य है। आज आरक्षण के अधिकार को कमजोर करने की साजिशें रची जा रही हैं। ऐसे किसी भी षड्यंत्र को हम सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा, हमारी लड़ाई अन्याय, अत्याचार और भेदभाव के खिलाफ है। अब यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उन मूल्यों को आगे बढ़ाएं।